# कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या– /दो–380 (57) ए/खण्ड–5/लाइसेंस/थो0भा0आ0दर/टेण्डर/2023–24

प्रेषक,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

सूचना निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
सूचना भवन, 22–पार्क रोड़, लखनऊ।

/दिनांक फरवरी, 13 ,2023

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए भांग की थोक आपूर्ति हेतु ई–टेण्डर नोटिस के सम्बंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन।**

महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न विज्ञप्ति संख्या 2515 /दो–380(57)ए/ खण्ड–5/ लाइसेंस/थो0भा0आ0दर/टेण्डर/2023–24/दिनांक 13-02-2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त विज्ञप्ति की एम0एस0 वर्ड फाइल एवं पी0डी0एफ0 फार्मेट की फाइल पैन ड्राइव में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है तथा आज दिनांक 13-02-2023 को इन फाइलों को आपके विभाग के ई–मेल upsoochna@gmail.com पर भी प्रेषित कर दिया गया है।

उक्त विज्ञप्ति वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए भांग की थोक आपूर्ति हेतु ई–टेण्डर से संबंधित है। अतः अनुरोध है कि उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 20-02-2023 के पूर्व सभी प्रमुख समाचार पत्रों के प्रदेश के सभी संस्करणों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः**उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

/

**(सेंथिल पांडियन सी0)**
आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश

संख्या– 2517 /दो–380 (57) ए/खण्ड–5/लाइसेंस/थो0भा0आ0दर/टेण्डर/2023–24/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि सहायक आबकारी आयुक्त (टास्कफोर्स)/वेब मास्टर को विज्ञप्ति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को आबकारी विभाग की वेबसाइट www.upexcise.in के होमपेज पर अपलोड एवं प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

मेनटल इन्फोर्स (सेवा प्रदाता)
कृपया उपरोक्त को www.upexcise.in वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

राजेश कुमार मिश्र
सहायक आबकारी आयुक्त
टास्कफोर्स, मुख्यालय

**(सेंथिल पांडियन सी0)**
आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश

## कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या– 2515 /दो–380(57) ए/खण्ड–5/लाइसेंस/थो0भा0आ0दर/ई–टेण्डर/2023–24/दिनांक:फरवरी, 13 ,2023

### ई–टेण्डर नोटिस

### (वर्ष 2023–24 में भांग की थोक आपूर्ति हेतु ई–टेण्डर)

वर्ष 2023–24 के लिए प्रदेश के विभिन्न प्रभारों में स्थित बंधित आबकारी गोदामों में भांग की थोक आपूर्ति हेतु टू बिड सिस्टम पर NIC के वेब पोर्टल www.etender.up.nic.in के माध्यम से ई निविदा आमंत्रित की जाती है। लखनऊ प्रभार को तीन हिस्सों 1–लखनऊ प्रभार–क (मात्र जनपद रायबरेली) 2–लखनऊ प्रभार–ख (मात्र जनपद लखनऊ) 3–लखनऊ प्रभार–ग(जनपद उन्नाव, हरदोई, सीतापुर व खीरी) के रुप में विभाजित किया गया है, अतः इन तीनों हिस्सों को अलग–अलग प्रभार मानते हुये इन पर पृथक–पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। एक टेण्डर फार्म पर अधिकतम दो प्रभारों में स्थित बंधित आबकारी गोदामों के लिए भांग की थोक आपूर्ति हेतु टेण्डर दिया जा सकता है। एक व्यक्ति द्वारा मात्र एक टेण्डर प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रत्येक ई–टेण्डर के साथ रूपया 10,000/– (दस हजार) की धरोहर धनराशि का शिड्यूल बैंक के ड्राफ्ट/फिक्सड डिपोजिट रसीद, जो आबकारी आयुक्त, उ0 प्र0 के पदनाम से प्लेज्ड (प्रतिश्रुत) हो, के रूप में इसकी पीडीएफ स्कैन्ड फाइल अपलोड की जायेगी तथा उसकी मूलप्रति कैम्प कार्यालय आबकारी आयुक्त, उ0प्र0, प्रथम तल, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भवन, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊमें तकनीकी बिड टेण्डर खुलने से पूर्व जमा करनी होगी। ई–टेण्डर में प्रतिभाग करने के लिये आवेदक के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

ई–टेण्डर स्वीकृति की सूचना मिलने पर ई–टेण्डरदाता को एक सप्ताह के अन्दर नियमों/शर्तों के यथोचित पालन के लिए जमानत के तौर पर रूपया 25,000/– (पचीस हजार) धनराशि की किसी शिड्यूल बैंक से निर्गत सावधि जमा रसीद जो आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पद नाम से प्लेज्ड (प्रतिश्रुत) हो, प्रतिभूति के रूप में जमा कर प्रपत्र आई0डी0–3 में अनुज्ञापन प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा धरोहर धनराशि राज्य के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी। निविदा के साथ निम्न अभिलेखीय प्रमाण भी अपलोड करना अनिवार्य होगा :–

1– निविदादाता द्वारा आर्थिक स्थिति के प्रमाण के रूप में न्यूनतम रूपया 1,00,000/– (एक लाख) का बैलेंस प्रदर्शित करने वाली बैंक या डाकखाने की सेविंग्स एकाउन्ट के पास–बुक की छायाप्रति या सक्षम अधिकारी के स्तर से निर्गत बैंक/डाकखाने के एकाउन्ट स्टेटमेन्ट की प्रति को ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड करना होगा।

2– अपने निवास के जनपद के जिलाधिकारी से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र व जिला आबकारी अधिकारी से प्राप्त अदेयता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

3– राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज की फोटोग्राफ, नाम, पिता का नाम, पता तथा प्रमाणित हस्ताक्षर का विवरण अपलोड करना होगा।

4– रूपया 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा प्रमाणित निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र अपलोड करना होगा। जिसमें टेण्डरदाता यह विशेष रूप से उल्लेख करें कि शपथकर्ता के विरूद्ध संयुक्त प्राप्त आबकारी अधिनियम अथवा एन0डी0पी0एस0 अधिनियम के अन्तर्गत कोई आपराधिक अभियोग पंजीकृत नही है। यह भी उल्लेख किया जाय यदि शपथ पत्र में किये गये कथन भविष्य में असत्य पाये जाते हैं तब शपथ कर्ता का चयन निरस्त कर दिया जाय।

5– धरोहर धनराशि का विवरण (बैंक ड्राफ्ट की छायाप्रति आदि) अपलोड करना होगा।

6– असेसमेंट वर्ष 2022–23 का आयकर रिटर्न, आवेदक के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति सहित अन्य सुसंगत अभिलेख अपलोड करना होगा।

7– वर्ष 2022–23 के जिन थोक भांग आपूर्तकों को अन्य जनपदों की अतिरिक्त आपूर्ति आवंटित की गयी है, उन्हें संबंधित जनपद के जिला आबकारी अधिकारी से इस आशय का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर अथवा शपथ–पत्र अपलोड करना होगा कि उनके द्वारा यथानिर्दिष्ट भांग की अतिरिक्त मात्रा की आपूर्ति जनपद को कर दी गयी है, जो संतोषजनक है।

8– वर्ष 2023–24 के लिए चयनित आवेदक को आई0डी0–3 अनुज्ञापन प्राप्त करने के लिए गत वर्ष/वर्षों में जमा प्रतिभूति को अग्रेनीत नहीं किया जायेगा, अपितु आवेदन पत्र के साथ नई प्रतिभूति धनराशि के रूप में किसी शिड्यूल बैंक से निर्गत रूपया 25,000/–(पचीस हजार)की सावधि जमा रसीद अपलोड करना होगा।

**ई–टेण्डर से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत है:–**

| | |
|---|---|
| Tender Publish Date on Website www.etender.up.nic.in | 20.02.2023 |
| Documents Download Start Date | 20.02.2023 :: 11.00AM |
| Clarification Start Date | 20.02.202 |
| Prebid Conference | 23.02.2023 :: 11.00AM |
| Clarification End Date | 27.02.2023 |
| Documents Download and Submission End Date | 28.02.2023 :: 12.00Noon |
| Technical Bid Opening Date | 01.03.2023 :: 2.00PM |
| Financial Bid Opening Date | 01.03.2023 :: 6.00PM |

आई0डी0–2 प्रपत्र फाइनेंशियल बिड के अन्तर्गत तथा अन्य समस्त अभिलेख (बिन्दु 1 से 6 के अनुसार) तकनीकी बिड के अन्तर्गत अपलोड किये जायेंगे। अपूर्ण आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होंगे।आबकारी आयुक्त, उ0 प्र0 को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार कर दें।

प्राप्त ई–टेण्डर की टेक्निकल बिड दिनांक 01.03.2023 को ही अपरान्ह 02 बजे तक फाइनेंशियल बिड अपरान्ह 06.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/अधिकारियों के समक्षकैम्प कार्यालय आबकारी आयुक्त, उ0प्र0, प्रथम तल, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भवन, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ में खोले जायेंगे एवं प्री–बिड कान्फ्रेन्स भी इसी स्थान पर आयोजित होगी।

**वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए थोक भांग आपूर्ति हेतु प्रभारवार, अधिकतम दरें निम्नानुसार निर्धारित की गयी है:–**

| प्रभार का नाम | वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित अधिकतम थोक भांग आपूर्ति दर (प्रति किलोग्राम रू0 में) | वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित न्यनतम थोक भांग आपूर्ति दर (प्रति किलोग्राम रू0 में) |
|---|---|---|
| 1– आगरा, अलीगढ़ झांसी एवं मीरजापुरप्रभार के जनपदों के लिए | 24/– | 8/– |
| 2–इलाहाबाद एवं चित्रकूटधाम प्रभार के जनपदों के लिए | 20/– | 8/– |
| 3–प्रदेश के शेष प्रभारों के जनपदों के लिए | 19/– | 8/– |

नोटः– 1–(1) थोक आपूर्ति की दर रूपया 8/– प्रति कि0ग्रा0 से कम स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2–किसी प्रभार के लिये 01 से अधिक निविदादाता द्वारा समान स्वीकार योग्य दर प्रस्तावित की जाती है तब उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष मैनुअल लाटरी की प्रक्रिया से आपूर्तक का चयन किया जायेगा।

(सेंथिल पांडियन सी0)
आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश।